## ब्रीफ खबरें

### धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का लिया निर्णय

**बिश्रामपुर(पलामू)।** जय माता दी पूजा समिति विशुनपुर में दुर्गापूजा को लेकर बैठक सुनील सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सुनिल सिंह के द्वारा विगत वर्ष के आय एवं व्यय का ब्यौरा दिया गया. ग्रामीणों एवं सदस्यों के सहमति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष पूजन पूर्व की तरह भव्य तरीके से मनाया जाएगा. मौके पर उपाध्यक्ष बिट्टू चंद्रवंशी , राहुल चंद्रवंशी, सूरज ठाकुर ,सौरव राय, आयुष तिवारी , कोषाध्यक्ष विशाल सिंह , आयोजन कर्ता धनु सिंह , शिव सिंह , मीडिया प्रभारी विवेक सिंह, शशि तिवारी, राजन ठाकुर आदि के अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, दो पर प्राथमिकी

**बरवाडीह (लातेहार)।** रविवार की रात लगभग 11 बजे बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार अवैध बालू उत्खनन व परिवहन छापामारी अभियान चलाया. इस दौरान बरवाडीह–मंडल मार्ग सिंचाई विभाग के पास से अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है. थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया की बरवाडीह सीओ मनोज कुमार को गुप्त सूचना मिली थी की थाना क्षेत्र के कई इलाकों में रात को अवैध बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू का कारोबार चल रहा है.

### सहायक अध्यापक संघ का राजभवन पर देंगे महाधरना

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ ने 28 अगस्त को राजभवन रांची के समक्ष एकदिवसीय धरना आहूत किया है. इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने बताया कि राज सरकार हम लोगों के साथ वादा खिलाफी करती आ रही है. सरकार हमारे साथ सिर्फ वार्ता-वार्ता का खेल खेल रही है. उन्होंने सभी सहायक अध्यापकों से 28 अगस्त को आयोजित महाधरना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की. इसके बाद भी यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### आजसू ने चलाया युवाओं का डाटा संग्रह अभियान

**बरवाडीह (लातेहार)।** हेमंत सरकार द्वारा झारखंड के युवाओं के साथ झूठा वादा करने उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप आजसू ने बेरोजगारों का डाटा संग्रह करने का अभियान शुरू किया है. बरवाडीह में यह अभियान आजसू पार्टी के जिला सचिव बिरेंद्र ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष ललन तुरी के नेतृत्व में किया जा रहा है. जिला सचिव बीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार युवाओं के साथ वादा खिलाफी एवं बेरोजगारों की समस्या को देखते हुए राज्यव्यापी बेरोजगारों का डाटा संग्रह अभियान की शुरुआत की है.

### आज से बेमियादी हड़ताल में जायेंगे जिले के मुखिया

**लातेहार।** 27 अगस्त से जिले के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल में चल जायेगें. इस आशय की जानकारी जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह ने दी. उन्होने बताया कि झारखंड राज्य के मुखिया अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है. सुभाष कुमार सिंह ने लातेहार के उपायुक्त को एक पत्र के माध्यम से इसे हड़ताल की जानकारी दी है. संघ की मांगों में पंचायती राज वित्त आयोग की राशि का शीघ्र वितरण, आकस्मिक मृत्यु पर मुआवजा आदि की मांग शामिल है.

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मना जन्माष्टमी उत्सव

# कृष्ण, राधा व सुदामा की वेशभूषा में बच्चों ने दी प्रस्तुति

संवाददाता ।मेदिनीनगर



कार्यक्रम में शामिल बच्चे.

स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. प्रार्थना सभा में कक्षा प्री-नर्सरी से तृतीय तक के बच्चे कृष्ण, राधा एवं सुदामा का आकर्षक वेश-भूषा धारण कर पहुंचे थे. बच्चों की यह प्रस्तुति मनमोहक दिख रही थी. ऐसा लग रहा था, मानो हम सभी गोकुल एवं वृन्दावन की धरती के दर्शन कर रहे हैं. कृष्ण का बाल-रूप बड़ा ही निराला था, जो मन को मोहित कर रहा था. सबकी दृष्टि मंच पर ही एकाग्र थी. कक्षा सातवीं की छात्राओं ने भक्ति गीत 'मैया मोहे दाऊ बहुत खिझायो' और 'पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो' गीत गाकर सबका मन मोह लिया. कक्षा द्वादश की जिया और श्रुति ने ''तुम इतना न करियो सिंगार'' गीत पर अनुपम प्रस्तुति दी. विद्यालय के चारों सदनों की छात्राओं के द्वारा मनोरम एकल नृत्य की प्रस्तुति दी. पूजा भारती बायरन सदन, अर्पना यादव इलियट सदन, अंशिका पाण्डे कीट्स सदन तथा जिज्ञासा कुमारी शेक्सपियर सदन से अपनी प्रस्तुति दी. प्रतियोगिता में इलियट सदन - प्रथम, कीट्स सदन - द्वितीय, तथा बायरन सदन - तृतीय स्थान पर रहे. प्राचार्य डॉ. सिंह ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामना देते हुए कहा कि जिस प्रकार राक्षसों का वध करने के लिए त्रेतायुग में श्रीराम ने जन्म लिया था. उसी प्रकार द्वापर युग में अधर्म का नाश करने के लिए और धर्म की स्थापना करने के लिए श्री कृष्ण ने इस धरती पर जन्म लिया था. विभिन्न अवसरों पर छात्रों को सदन के माध्यम से प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर सदैव दिया जाता है. विद्यालय मंच से ही भविष्य की दिशा तय हो सकती है, अतः दो कदम बढ़कर अपना प्रदर्शन करें. मंच संचालन पूजा भारती एवं तनु प्रिया ने किया.

### बच्चों के लिए उनका कलम ही है सुदर्शन चक्र : परशुराम

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने रजवाडीह के दलित बस्ती केवालटोला में बच्चों संग श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाया. इसमें पोती थिया देव तिवारी ने उनका भरपूर साथ दिया. इस दौरान सभी बच्चे बैलून फुलाकर व टाफियां खाकर बहुत खुश हुए. प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि इसके माध्यम वे बच्चों को रोज विद्यालय आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं. प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी विशेष रूप वैसे माता–पिता के घर गये जिनके बच्चे नियमित विद्यालय नहीं जाते. उन्होंने उनकी अंतरात्मा को झकझोरने का प्रयास किया. इस पर एक बार फिर अभिभावकों ने उन्हें अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया है.

### जन्माष्टमी पर पलामू प्रमंडल में कई कार्यक्रम आयोजित

# धूमधाम से मनायी गयी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी,मंदिरों में उमड़ी की भीड़

संवाददाता । लातेहार

लातेहार जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूमधाम से मनाया गया. अहले सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी और सोमवार की अर्द्धरात्रि मंदिर परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष गुंजायमान हो गया. इस अवसर पर शहर के कई मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. शहर के बीचोबीच स्थित महावीर मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर साज सज्जा की गयी थी. यहां भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी. संध्या आरती के बाद श्रीकृष्ण राधा रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. मौके पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के शिक्षा सह उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री बैद्यनाथ राम ने भाग लिया. रात्रि 12 बजे श्रीजन्मोत्सव पर केक काटा गया. इसके अलावा शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में भी माता को भोग लगा कर प्रसाद का वितरण किया गया. थाना चौक स्थित महावीर मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी. मंदिर के पुजारी पंडित त्रिभुवन पांडेय ने बताया कि रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया. मौके पर छप्पनभोग लगाये गये और प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर अशोक महलका व भुनेश्वर प्रसाद समूह के द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के पालने को झूलाया. शहर के काली मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा अर्चना की गयी. जन्माष्टमी को लेकर शहर के चौक चौराहों में श्रीकृष्ण के गीत बज रहे थे. श्रद्धालुओं ने दिन भर उपवास रख हर श्रीजन्माष्टमी के मौके पर पूजा अर्चना की एवं सुख शांति की कामना की.

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही. इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की विशेष सजावट की गई है. वहीं कई मंदिरों में डाल बिठाए गए हैं, जिसमें भगवान श्री कृष्ण को झूला झुलाया जा रहा है. पूजा अर्चना को लेकर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही. हर तरफ भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष गूंज रहे हैं. विभिन्न मंदिरों में हरे कृष्णा, हरे कृष्णा.. कृष्णा कृष्णा हरे हरे... का मंत्र जाप चल रहा है. इस अवसर पर पुलिस लाइन रोड स्थित हरे कृष्ण निवास, गीता भवन स्थित श्री कृष्ण मंदिर समेत अन्य जगहों पर विशेष अनुष्ठान कार्यक्रम चल रहा है. हरे कृष्ण निवास में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही. यहां श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को लेकर की गई सजावट आकर्षक थी. सतरंगी बिजली की रोशनी से श्री कृष्ण की प्रतिमा की सजावट की गई है.






### बरवाडीह मे धूमधाम से मनायी गयी जन्माष्टमी

**बरवाडीह (लातेहार)।** सोमवार को पूरे प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से भगवान कृष्ण के जन्म उत्सव जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया गया. जन्माष्टमी को लेकर श्रद्धालुओ ने उपवास रखा और रात्रि में कृष्ण जन्म के समय पूजा अर्चना किया. पूरे दिन विशेष व्यंजन और प्रसाद को बनाया गया. भगवान कृष्ण की पालकी झूला को बेहतरीन तरीके से सजाने के साथ–साथ भगवान कृष्ण को रंग–बिरंगे कपड़े पहना कर आकर्षित रूप दिया गया. जन्माष्टमी को लेकर सभी मंदिर में सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया गया. जन्माष्टमी को लेकर घर और मंदिर को आकर्षित तरिके से सजाने के साथ घर में मौजूद नन्हें बच्चों को भगवान कृष्ण के बाल गोपाल रूप बनाया गया था. बच्चे पूरी तरह से भगवान कृष्ण के रूप में दिख रहे थे.

### ट्रैक्टर के नीचे दब कर युवा किसान की मौत

**लातेहार।** रविवार को सदर थाना क्षेत्र के बाजकुम गांव क्षेत्र में हुई एक ट्रैक्टर दुर्घटना में एक युवा किसान की मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार बाजकुम ग्राम का शिव शंकर यादव (22) अपने खेत की जुताई करने गया था. खेत में काम करने के बाद वह ट्रैक्टर से अपने घर लौट रहा था. लेकिन घर पहुंचने से एक किलोमीटर पहले ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर पलट गया और शिव शंकर यादव ट्रैक्टर के नीचे दब गया. स्थानीय लोग यह देख कर उसकी मदद के लिए दौड़े और उसे बाहर निकालने का प्रयास करने लगे.लेकिन जब तक उस बाहर निकाला जाता, बहुत देर हो चुकी थी. ट्रैक्टर में दब कर उसकी मौत हो गयी. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजन व पुलिस को दी. शिव शंकर यादव अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था. उसके मौत की खबर सुन कर वे दहाड़ें मार कर रोने लगे. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया. दुर्घटना की खबर सुन कर कांग्रेस के पंकज तिवारी व विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव सदर अस्पताल पहुंचे. दोनों ने जिला प्रशासन से मुआवजा की मांग की. विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव ने कहा कि मामले से विधायक रामचंद्र सिंह को अवगत कराया है. उन्होने घटना पर दुख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने की बात कही है.



फाइल फोटो.

# विश्रामपुर में केवल विकास का पीटा जा रहा ढिंढोरा : गोपाल



संवाददाता ।ऊंटारी रोड(पलामू )

विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की स्थिति काफी दयनीय है. सड़क नाली गली यहां की मूलभूत समस्याएं हैं, जिसके प्रति स्थानीय जनप्रतिनिधियों उदासीनता देखी जा रही है. केवल विकास की ढिंढोरा पीटे जाते रहे हैं. विश्रामपुर नगर परिषद में पेयजल की समस्या विकराल रूप ले चुका है. पाइपलाइन से पेयजलापूर्ति को लेकर वर्षों से गीत गया जा रहा है. लेकिन इसके प्रति सरकार हो या स्थानीय जनप्रतिनिधि कोई भी आगे बढ़कर पहले नहीं कर रहे. रेहला के लोग ग्रासिम इंडस्ट्रीज की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे टैंकर के पानी पर निर्भर हैं. जो लोगों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा. ऐसे में क्षेत्र की सर्वांगीण विकास को लेकर बदलाव की जरूरत है. उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के भावी प्रत्याशी गोपाल राम ने कहा. वे बीमोड़ पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. बसपा नेता गोपाल राम ने कहा कि विश्रामपुर प्रखंड घासीदाग पंचायत आजादी के 78 वर्षों बाद भी सड़क सुविधा से वंचित है. प्रखंड सह अंचल लूट का अड्डा बन गया है.

# जान जोखिम में डाल सेवा दे रहे हैं चिकित्सक

कमरुल आरफी ।बालूमाथ (लातेहार)



बालूमाथ, बारियातु एवं हेरहंज प्रखंड के ग्रामीणों का स्वास्थ्य की जिम्मेवारी संभालने वाला बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों खुद बीमार है. रोजाना सैकड़ों मरीजों का इलाज तो हो रहा है. लेकिन सुविधा के नाम पर व्यवस्था शून्य है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जर्जर भवन दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है. बरसात में छत से टपकने वाले बूंद-बूंद पानी मरीज और स्वास्थ्यकर्मियों को आतंकित कर देता है. समय-समय पर छत की टूटती परत भी गिरकर अपनी बदहाली का एहसास करा देती है. यहां इलाज कराने पहुंचे मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों को भी किसी अनहोनी का डर सताते रहता है. जर्जर भवन में क्षतिग्रस्त छत के नीचे जान जोखिम डाल कर चिकित्सक समेत स्वास्थ्यकर्मी मरीजों का इलाज करने को मज़बूर हैं. विभाग की ओर से अब तक कोई समुचित पहल नहीं की गई है. रिपेयरिंग के नाम पर विभाग ने अस्पताल के जर्जर भवन का रंग रोगन जरूर करा दिया जाता है, लेकिन दरकती दीवारें और छत से निकली सरिया बताने के लिए काफी है कि स्वास्थ्यकर्मी कैसे अपनी जान हथेली पर रखकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं. स्वास्थ्यकर्मी सरकार से बार-बार गुहार लगा रहे हैं, कि या तो पुराने भवन को तोड़कर नया भवन बनाया जाए या फिर अस्पताल को कहीं और शिफ्ट कर दिया जाए, लेकिन अबतक विभागीय स्तर पर पहल शून्य है. इस सन्दर्भ में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश बड़ाइक का कहना है, कि बालूमाथ सीएचसी पिछले लगभग 15 वर्षों से जिमखाना में चल रहा है. पर्याप्त जगह के आभाव में मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रहा है. जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा के लिए रेफर करने की मज़बूरी है. नया अस्पताल भवन का निर्माण कार्य धीमी होने के कारण तत्कालिक व्यवस्था ज़रूरी है. मैन पावर की कमी भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में बड़ी बाधा है.

## न्यूज अपडेट

### बेरोजगारों का डाटा जमा करने में जुटा युवा आजसू



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार आजसू छात्र संघ व युवा आजसू के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता पलामू जिले के बेरोजगार युवाओं का डाटा जमा करने में जुट गए हैं. इसे लेकर स्थानीय परिसदन में बैठक हुई. बैठक में 8 सितंबर को आयोजित युवा संकल्प समागम सह युवा महासम्मेलन की रूपरेखा तय की गई. जिला संयोजक बिपिन शुक्ला ने कहा कि आज से पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में मैंने डाटा जमा करना प्रारंभ किया है जिससे साफ जाहिर होता है कि हमारे राज्य में पांच सालो में बेरोजगारी उफान पर है. विवि प्रभारी हिमांशु रंजन ने कहा कि कल से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर भी बेरोजगारों का डाटा जमा किया जाएगा और सभी से 8 सितम्बर को रांची के मोराबादी चलने का आह्वाहन भी किया जायेगा . मौके पर प्रियांशु वर्मा, समीर तिवारी, नितीश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, आदि मौजूद थे.

### दादी प्रकाशमणि का स्मृति दिवस मनाया गया



स्मृति दिवस मनाते संस्था के लोग.

**हुसैनाबाद (पलामू)।** डॉ. दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया.प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, सद्भावना भवन, जपला में कार्यक्रम की शुरुआत पुष्प अर्पण से हुई. वहीं मौजूद सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन ने बताया की प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान में दादी प्रकाशमणि जी का नाम बड़े ही गौरव से लिया जाता है. 26अगस्त का दिन इस संस्थान के सभी सदस्यों के लिए दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस मनाने का दिन है . 26 अगस्त 2007 को दादी प्रकाशमणि जी ने अपनी पुरानी देह का त्याग किया और स्वयं को फरिश्ता स्वरूप स्थिति में स्थित किया. जैसा की दादी जी का नाम है वैसा दादी जी आज भी अपनी ज्ञान की प्रकाश को मनी के समान आज भी इस पूरे विश्व पर फैला रही है दादी प्रकाशमणि जी एक ऐसी महान विभूति है, जिन्होंने विश्व कल्याण के ईश्वरीय कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई है .

### अंजुमन इस्लामिया कल डीसी कार्यालय के समक्ष देगा धरना



**लोहरदगा।** महाराष्ट्र नासिक के सरला द्वीप के महंत रामगिरी महाराज द्वारा पैगंबर मोहम्मद (स. अ.) की शान में गलत टिप्पणी कर की गुस्ताखी की गई है. जिससे मुस्लिम संगठनों में रोष है. इसको लेकर अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा ने 28 अगस्त को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना देगी. धरना प्रदर्शन किए जाने की जानकारी अंजुमन इस्लामिया के सचिव शाहिद अहमद के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा को आवेदन के माध्यम से दे दिया है.

### समिति के समक्ष हो गयी है रोजगार का समस्या



**चंदवा (लातेहार)।** मत्स्य जीवि सहयोग समिति, चंदवा के अध्यक्ष शमशेर खान, सचिव असगर अली, कोषाध्यक्ष सरफराज, शरमद आलम, इरशाद उर्फ मुन्ना, हीरालाल उरांव, मो आबिद, मुना गंझू समेत सैकड़ों सदस्यों के बीच रोजगार की समस्या सामने आन पड़ी है. रोजगार नहीं मिल पाने से समिति सदस्यों के परिवार का भी बजट गड़बड़ा गया है. उपरोक्त बातें समिति के सचिव असगर अली ने कही. उन्होंने कहा कि जगराहा डैम में पिछले दो- तीन साल से जलकुम्भी और जलीय घास-फूस उग आये हैं और इसकी संख्या इतनी बढ़ गयी है कि डैम के मछली आक्सीजन के अभाव में मर गई. मछलियों के मरने से समिति के सदस्यों को लाखों का नुकसान हुआ है. जलकुम्भी तथा घास फूस के बढ़ने से डैम में मछली का जीरा नहीं जा रहा है.

### भाकपा माले का दो दिवसीय बैठक सम्पन्न

**बरवाडीह (लातेहार)।** भाकपा माले, लातेहार जिला कमिटी का दो दिवसीय बैठक 25 व 26 अगस्त को बरवाडीह मे जिला सचिव बिरजू राम के अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ. बैठक में आगामी नौ सितंबर को धनबाद भाजपा हटाओ, लूट मिटाओ एकता रैली में भाग लेने की अपील की गयी. जिला सचिव बिरजू राम ने कहा की भाकपा माले में एके राय के मार्क्सवादी समन्वय पार्टी के विलय के बाद झारखण्ड में भाकपा माले काफी मजबूत हुआ है. इस लिए हमें मजबूती के साथ संघर्ष करते हुए भाजपा भगाओ लूट मिटाओ नारा को बुलंद करते हुए धनबाद में एकता रैली में लातेहार जिला से बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होना होगा. निर्णय के अनुसार गावों में दीवार लेखन ग्राम सभा बैठक क आगामी सात सितबंर को गांवों में मशाल जुलूस निकलेगा. आठ सितंबर को सभी लोग शक्तिपुंज एक्सप्रेस और लोकल ट्रेन से प्रस्थान करेंगे.

### ब्रह्माकुमारी विवि में मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व

**लातेहार।** शहर के बाइपास रोड में सोन भवन में अविस्थत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखाा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं दादी प्रकाश मनी की पुण्य तिथि मनाई गयी. इस अवसर पर बच्चों के द्वारा मनमोहक श्रीकृष्ण व राधा की झांकिया निकाली गयी. बाल कृष्ण की जीवंत बाल लीला देख कर लोग भाव विह्वल हो गये. मौके पर ब्रह्मकुमारी भाई व बहनों के द्वारा बाल कृष्ण व राधा की आरती उतारी गयी. मिश्री व माखन का भाग लगा कर प्रसाद का वितरण किया गया.

**हुसैनाबाद विस क्षेत्र** चुनाव यहां हर बार दिलचस्प होता है, क्योंकि एक से एक सूरमा चुनावी ताल ठोंकते हैं

# पैसा बहाकर भी जातीय समीकरण को तोड़ना मुश्किल

अरूण कुमार सिंह

मेदिनीनगर ।पलामू संसदीय क्षेत्र में शामिल छह विधानसभाओं में से एक हुसैनाबाद विस क्षेत्र अनारक्षित है . यहां का विधानसभा चुनाव हर बार बड़ा ही दिलचस्प होता है . इलाके के एक से एक सूरमा चुनावी मैदान में ताल ठोंकते हैं . धन और बल, दोनों का खेल चलता है यहां . फिलहाल यहां के विधायक कमलेश सिंह हैं. जिन्होंने एनसीपी के टिकट पर चुनाव जीता है और दूसरी बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं . हुसैनाबाद विधानसभा में ग्रामीण मतदाताओं की संख्या लगभग 248,541 है जो 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 89.59% है . हुसैनाबाद विधानसभा में शहरी मतदाताओं की संख्या लगभग 28,880 है जो 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 10.41% है . 2019 के संसदीय चुनाव के अनुसार हुसैनाबाद विधानसभा के कुल मतदाता 277421 थे . मतदान केंद्रों की संख्या 341 थी और कुल 59.07% मतदान हुआ था .

### हुसैनाबाद विस क्षेत्र का जातीय समीकरण


हुसैनाबाद विधानसभा में अनुसूचित जाति के मतदाता लगभग 36%, अनुसूचित जनजाति के मतदाता लगभग 0.9%, मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगभग 14.8% है. राजपूत मतदाताओं की संख्या करीब 13% है . अनुसूचित जाति के मतदाताओं में यादव मतदाताओं की संख्या करीब 8% है . मेहता जाति के मतदाता लगभग 6% हैं. पासवान जाति के मतदाता लगभग 5% हैं . अन्य मतदाताओं में साव जाति के करीब 4%, भूईयां जाति के करीब 3.5%, चौधरी जाति के करीब 2.8% मतदाता हैं . ब्राह्मण जाति के मतदाताओं की संख्या डेढ़ प्रतिशत से कम है .

**चुनाव लड़ने की रेस में हैं ये नेता :** हुसैनाबाद विधानसभा सीट से एनसीपी से वर्तमान विधायक कमलेश सिंह, भाजपा के नेता विनोद सिंह, प्रफुल्ल सिंह, कर्नल संजय सिंह, रवीन्द्र सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, अशोक सिंह, आजसू पार्टी से पूर्व आईपीएस संजय रंजन सिंह, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और हाल में ही झामुमो में शामिल हुए एक व्यक्ति के नाम की चर्चा है .

**किसी भी चुनाव में झामुमो ने नहीं छुआ 10% वोट का आंकड़ा :** 2019 के विस चुनाव में राकांपा का वोट प्रतिशत 25.2, राजद का 19.2, बसपा का 17.6, भाजपा समर्थित उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह का 17, कुशवाहा शिवपूजन मेहता (एजेएसयूपी) का 9.5 प्रतिशत था . 2014 के विस चुनाव में बसपा से कुशवाहा शिवपूजन मेहता का 37, कमलेश सिंह राकांपा का 19.8, भाजपा के कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा का 16.43, राजद के संजय कुमार सिंह यादव का 14.79 और झामुमो के दशरथ कुमार सिंह का 4.92 प्रतिशत था . 2009 के विस चुनाव में राजद के संजय कुमार सिंह यादव का वोट प्रतिशत 23.54, बसपा के कुशवाहा शिवपूजन मेहता का 20.4, जेडीयू के दशरथ कुमार सिंह का 19.51, राकांपा के कमलेश कुमार सिंह का 12.8 और झामुमो के उपेन्द्र सिंह का वोट प्रतिशत 5.17 था . एक बात बिल्कुल स्पष्ट हो जाती है कि इस विस सीट से झामुमो प्रत्याशी अब तक के चुनाव में 10% वोट लाने में भी सफल नहीं हुए हैं .

# कुलहिया में दो किमी सड़क जर्जर

संवाददाता ।हरिहरगंज(पलामू)



हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया ग्राम पंचायत अंतर्गत कुलहिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय से यादव टोला होते हुए फुलवरिया वीर कुंवर स्थान तक दो किलोमीटर ग्रामीण सड़क वर्षों से जर्जर है. जिस कारण इलाके भर के सैंकड़ों लोगों को आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. बहरहाल इस बरसात के दिनों में सड़क कादो और कीचड़ से भरा पड़ा है. जिस पर विवश व लाचार ग्रामीणों को कीचड़ से होकर गुजरना मजबूरी बन गई है. बावजूद इसके न तो कोई संबंधित अधिकारी और न ही कोई जनप्रतिनिधियों ने इसकी सुधि ली. ग्रामीणों ने बताया कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह से भी ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर सड़क निर्माण कराने की गुहार लगा चुके हैं. परंतु अभी तक इसका कोई नतीजा नहीं निकला. ग्रामीणों का कहना है कि उग्रवाद प्रभावित कुलहिया में सड़क सहित कई मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. इस संबंध में ग्रामीण दीपक कुमार ने कहा कि बेहतर सड़क नहीं होने से एक ओर जहां स्कूली छात्र-छात्राओं को स्कूल जाने , मरीजों को अस्पताल ले जाने और ग्रामीणों को हरिहरगंज स्थित बाजार और प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाने व आने में काफी कष्ट होता है. इसे देखते हुए ग्रामीणों ने एक बार फिर से विधायक सह पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह का ध्यानाकृष्ट कराते हुए उक्त बदहाल सड़क की यथाशीघ्र निर्माण कराने की मांग दोहराई है. मांग करने वालों में दीपक कुमार यादव,सोनू यादव ,धीरेंद्र यादव,जीतबहन यादव, प्रमोद यादव, बीरेंद्र यादव ,लालेंद्र यादव ,जितेंद्र यादव ,विजय यादव, अकलेश भुईयां, सरिता देवी वार्ड सदस्य, जिम्मेदार भुईयां, वृंद भुईयां , हरि भुईयां सहित कई लोगों का नाम शामिल है.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 27 अगस्त 2024 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 139 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




## भारतीय नौसेना की टीम ने सुबह से शाम तक कड़ी मशक्कत के बाद डैम से निकाला विमान

# सातवें दिन चांडिल डैम से बाहर निकाला गया लापता विमान

संवाददाता। चांडिल

- 20 को उड़ान भरने के 15 मिनट बाद लापता हो गया था विमान
- 22 अगस्त को डैम में मिला था पायलट व ट्रेनी पायलट का शव

अलकेमिस्ट एविएशन के लापता विमान को भारतीय नौसेना की टीम ने सांतवें दिन चांडिल डैम से बाहर निकाल लिया. सोमवार की सुबह 10.30 बजे भारतीय नौसेना की टीम विमान बाहर निकालने के लिए आवश्यक संसाधनों के साथ डैम में घुसी. नौसेना की टीम ने देर शाम विमान को डैम से बाहर निकाला. इससे पहले नौसेना की टीम ने डैम में करीब 45 फीट पानी के नीचे गिरे विमान को गुब्बारे के सहारे ऊपर उठाया. इसके बाद पानी की सतह से एक-दो मीटर नीचे विमान को रख कर बोट से खींच कर बाहर निकाला गया. बता दें कि नौसेना की टीम रविवार को सर्च ऑपरेशन के दौरान डैम की गहराई में लापता विमान को खोज निकाला था. बताया जा रहा है कि विमान डैम में डूबे कोयलागढ़ के निकट वनडीह नामक स्थान में पानी की गहराई में मिला है.

उल्लेखनीय है कि 20 अगस्त को जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद विमान का एटीसी से संपर्क टूट गया था. इसके बाद से ही विमान का कुछ पता नहीं चल पा रहा था. इस बीच स्थानीय लोगों द्वारा चांडिल डैम में विमान के गिरने की बात कही जा रही थी, जिसके बाद एनडीआरएफ की टीम ने डैम में तालाशी अभियान चलाया. इस क्रम में 22 अगस्त को पायलट व ट्रेनी पायलट का शव डैम से बरामद किया था. वहीं, लापता विमान की खोज में भारतीय नौसेना की टीम को अपने अभियान के चौथे दिन सफलता मिली.



गुब्बारे के सहारे विमान को बाहर निकालते नौसेना की टीम.

### सोनारी एयरपोर्ट से टक्नीशियन भी पहुंचे थे

चांडिल डैम में डूबे विमान का रविवार को पता चलने के बाद सोमवार को विमान को बाहर निकालने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की गई थी . विमान को बाहर निकालने के लिए हाइड्रा बुलाया गया है . वहीं सोनारी एयरपोर्ट से आवश्यक उपकरणों के साथ टेक्नीशियन भी चांडिल डैम पहुंचे थे . सोमवार को पानी में डूबे विमान को बाहर निकालने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग भी चांडिल डैम पहुंचे थे, जो देर शाम तक डैम के किनारे में ही डटे रहे .

## अबुआ आवास: पहले से पक्का मकान होने के बावजूद मिला लाभ

# कांके प्रखंड में लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता

प्रवीण कुमार। रांची

हर बेघर को तीन कमरे का आवास देने के लिए झारखंड सरकार जनकल्याणकारी अबुआ आवास योजना चला रही है. लेकिन, इस योजना के शुरु होने के आठ-नौ महीने के अंदर ही गड़बड़ियां सामने आने लगी है. सबसे ज्यादा शिकायत लाभुकों के चयन में अनियमिता की आ रही है. मामला तब और गंभीर हो जाता है, जब संबंधित बीडीओ से शिकायत करने के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जाती है.

राजधानी रांची के कांके प्रखंड से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है. यहां जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड कार्मियों से साठगांठ कर पूर्व से ही पक्का मकान वाले लोगों को एक नहीं, दो-दो आवास दे दिया गया है. पुराने आवास को दिखा कर भी अबुआ आवास के पैसे निकाले जा रहे हैं. पूरे प्रकरण में योजना के रांची जिला समन्वयक (पीएमएवाई ग्रामीण) पर भी गंभीर आरोप लग रहे हैं. योग्य लाभुकों ने मुख्यमंत्री कार्यलाय में शिकायत कर दोषी प्रखंड कार्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है. पूरे मामले की जानकारी रांची उपायुक्त को भी दी गयी है.



- रांची जिला कॉर्डिनेटर पर वसूली सिंडिकेट चलाने का आरोप
- पुराने आवास का जियोटैग कर वसूले जा रहे 20 हजार रुपये

### डीसी बोले- जांचोपरांत दोषी पर करेंगे कार्रवाई

इस मामले में रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि शिकायत की जांच होगी . जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जाएगी . डीसी ने यह भी कहा कि अगर आयोग्य लाभुकों ने योजना का लाभ लिया है, तो उन पर भी कार्रवाई होगी . वहीं, इस मामले में कांके बीडीओ से फोन पर उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया, पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया .

### गागी में आयोग्य लाभुकों का चयन

गागी पंचायत के खटंगा गांव निवासी फरजाना परवीन, नवमीन परवीन, नसीमा खातून, गौरी देवी, शांति देवी का पूर्व से ही पक्का मकान है . वहीं, पुष्पा देवी, गीता देवी, मतिया देवी को पहले भी आवास योजना का लाभ मिला था . इसके बावजूद इन सभी को फिर से आवास योजना का लाभ दिया गया है .

### नियमों को ताक पर रख लाभुकों का चयन किया

कांके प्रखंड के उलातु पंचायत के सचिव विनय साव और रोजगार सेवक अमिता कुमारी पीएमएवाई ग्रामीण के रांची जिला समन्वयक अमित कुमार के करीबी हैं . शिकायत में कहा गया है इनके द्वारा मनमाने ढंग से पैसा लेकर आयोग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिया गया है . पंचायत के चरदी गांव निवासी सीमा कुमारी, सरला देवी और निर्मला देवी के नाम से योजना स्वीकृत की गयी है, जबकि तीनों का पहले से ही पक्का मकान है . ये सरकारी आवास योजना का लाभ पहले भी ले चुकी हैं .

### जियो टैगिंग के लिए 20 हजार ले रहे हैं कर्मी

कांके प्रखंड के हुंदुर पंचायत में पुराने आवासों की भी जियो टैगिंग कर सरकारी राशि निकालने का खेल चल रहा है . पुराने आवास के जियो टैग के लिए 20 हजार रुपये वसूले जा रहे है . वहीं नये के जियोटैग के लिए दो हजार रुपये लेने का आरोप पंचायत सचिव और रोजगार सेवक पूनम कुमारी पर लगा है . इस पंचायत के हुंदुर गांव निवासी वर्षा देवी, राजराम महतो और हिमा देवी, तीनों को अबुआ आवास योजना की स्वीकृति दी गयी है . पर इन सभी का पहले से ही पक्का मकान बना हुआ है .

### जिनके पास ट्रैक्टर, उन्हें भी मिला आवास

कांके प्रखंड के उपरकोनकी पंचायत में वैसे लोगों को भी आवास योजना का लाभ दिया गया है, जिनके पास ट्रैक्टर है . इनमें लाभुक निखत परवीन का नाम सामने आया है . वहीं कोकदोरो गांव के सलमा खातून और सुमत देवी को भी पुराने घर पर ही सरकारी राशि की निकासी की जी रही है . उरुगुंटू पंचायत में भी दर्जनों लोगों को फर्जी तरीके से आवास योजना का लाभ दिया है .

# जेजेएमपी के तीन उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार



गिरफ्तार उग्रवादी व कार्रवाई की जानकारी देते डीएसपी मणिभूषण प्रसाद.

संवाददाता। सतबरवा (पलामू)

- ठेकेदार से लेवी वसूलने जा रहे थे तीनों उग्रवादी
- एक राइफल, एक कट्टा व छह कारतूस बरामद

ठेकेदार से लेवी वसूलने जा रहे जेजेएमपी के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने सोमवार की रात गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार उग्रवादियों में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडीह गांव निवासी अशोक कुमार यादव (34) व डबरा मुड़ा थान निवासी विजय पासवान (31) और सतबरवा थाना क्षेत्र के ठेमी सतबरवा निवासी अखिलेश कुमार उर्फ अरुण कुमार (38) शामिल है.

पुलिस ने इनके पास से एक राइफल, एक कट्टा, छह कारतूस, तीन मोबाइल व एक अपाचे बाइक बरामद किया है. इस संबंध में डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हथियार से लैस जेजेएमपी उग्रवादी ब्लू रंग की अपाचे बाइक से तुंबागड़ा की ओर ठेकेदारों से लेवी वसूलने जा रहे हैं. इसके बाद चेतमा गांव की मुख्य सड़क पर सतबरवा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया. इस क्रम में एक अपाचे बाइक पर सवार लोग पुलिस को देखते ही बाइक को पीछे मोड़ कर भागने लगे. हालांकि, पुलिस बल ने पीछा करके बाइक समेत उस पर सवार तीनों लोगों को पकड़ लिया. तीनों उग्रवादियों के खिलाफ सतबरवा थाना में बीएनएस की धारा 308, 17 सीएलए एक्ट व 25 (1-बी) (ए)/ 26/ 35 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

**रजडेरवा में मजदूरों के साथ मारपीट की बात कबूली :** गिरफ्तार उग्रवादी अशोक यादव पर लेस्लीगंज थाना में पहले से आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है. पूछताछ में तीनों गिरफ्तार उग्रवादियों ने कबूल किया है कि बीते 28 जुलाई को रजडेरवा में पुलिया निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट कर उन्हें धमकी दी थी. छापेमारी दल में सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार के अलावा जमादार सुबोध कुमार व बसंत कुमार दुबे, हवलदार सुनील राम और सिपाही राकेश कुमार शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### प्रदेश भाजपा के चार नए प्रवक्ता नियुक्त

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को चार नए प्रदेश प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है. प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने पत्र जारी कर नियुक्ति की घोषणा की. नए नियुक्त प्रवक्ताओ में पूर्व सांसद गीता कोड़ा सहित रांची से प्रदीप सिन्हा, चाईबासा से अजय शाह, जमुआ (गिरिडीह) से विजय चौरसिया शामिल हैं. यह मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

### रंका में ऑटो चालक पर चाकू से हमला

**गढ़वा।** रंका थाना के चेकनाका के पास सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में बस एजेंट ने ऑटो चालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. घायल ऑटो चालक दिनेश कुमार ने बताया कि जब वह अपनी ऑटो पर सवारी बैठा रहा था, तभी बस एजेंट सत्तन माली वहां पहुंचा और सवारी बैठाने से मना किया. विरोध करने पर सत्तन ने उसपर चाकू से हमला कर दिया. घटना में दिनेश के कान और हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गया. घायल ऑटो चालक ने तुरंत रंका थाना पहुंच कर सत्तन माली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### सरायकेला खरसांवा में सीएम का कार्यक्रम कल

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 अगस्त को सरायकेला खरसांवा जिला में मंइयां सम्मान योजना की महिला लाभुकों के बीच राशि का वितरण करेंगे. गम्हरिया स्थित रापचा फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में लाभुक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा. सीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुट गया है. परिवहन विभाग ने 28 अगस्त को कुल छह स्थानों पर वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने निर्देश जारी किया है.

### कई ट्रेनों का परिचालन 31 तक प्रभावित रहेगा

**रांची।** झारखंड से चलने वाली कई ट्रेनों का परिचालन 31 अगस्त तक प्रभावित रहेगा. दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा. रांची रेल मंडल के अनुसार, ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 28, 30 और 31 अगस्त को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी. ट्रेन संख्या 18035 और 18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस का 29 अगस्त को आद्रा स्टेशन पर आंशिक समापन और आंशिक प्रारंभ होगा.

### डायन के शक में भतीजे ने की चाची की हत्या

**किरीबुरु।** गुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बुरुसाई निवासी शुरु कुई (40) की रविवार की शाम धारदार हथियार से गला रेत कर दी गयी. घटना को अंजाम देने का आरोप मृतका के रिश्ते में भतीजे कांडे पूर्ति पर लगा है. शुरू कुई गांव के समीप उलीगोड़ा स्थित खेत में काम कर रही थी, तभी आरोपी ने डायन होने के संदेह में घटना को अंजाम दिया. वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है.

## नशे में धुत दो ऑटो चालक ने बीडीओ को जड़ दिया थप्पड़

# भवनाथपुर बीडीओ के साथ मारपीट

संवाददाता। भवनाथपुर

- प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने रांची जा रहे थे बीडीओ
- खरौंदी मोड़ पर जाम हटाने के क्रम में दो चालक उलझे

गढ़वा जिले के भवनाथपुर प्रखंड से पांच दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेने रांची जाने के क्रम में खरौंधी मोड़ के समीप दो अज्ञात युवकों द्वारा बीडीओ नंदजी राम की पिटाई करने का मामला सामने आया है. सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार सशस्त्र बल के साथ खरौंधी मोड़ पहुंचे. उन्होंने बीडीओ से घटना के बाबत जानकारी ली और आरोपी युवकों की धर पकड़ के लिए अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए.



नंदजी राम, बीडीओ.

जानकारी के अनुसार, भवनाथपुर बीडीओ सोमवार की दोपहर रांची में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने निजी वाहन से निकले थे. इस क्रम में खरौंधी मोड़ के समीप वे जाम में फंस गए. जाम हटवाने के लिए बीडीओ अपने वाहन से नीचे उतरे, तो शराब के नशे में धुत दो ऑटो चालक किसी बात को लेकर बीडीओ से उलझ गए. देखते देखते उक्त दोनों युवक हमलावर हो गए और बीडीओ नंदजी राम को थप्पड़ जड़ दिया.

वहां मौजूद अन्य लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर दोनों ऑटो चालकों से बीडीओ को बचाया. समाचार लिखे जाने तक बीडीओ द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था.

# गिरिडीह : घर में चोरी मामले का खुलासा, पांच गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह

मुफस्सिल थाने की पुलिस ने 12 दिन पहले बंद आवास में हुई चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने सोमवार को जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विगत 13 अगस्त को पापरवाटांड़ निवासी लखविंदर सिंह के सीसीएल क्वार्टर का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था. लखविंदर सिंह सपरिवार पारिवारिक समारोह में शामिल होने शहर से बाहर गए थे.

चोरों ने घर में रखे अलमीरा को तोड़कर जेवर, नकदी, लैपटॉप, मोबाइल व पूजा घर से बर्तन आदि की चोरी कर ली थी. कांड के बाद एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया. गिरफ्तार आरोपियों में पचंबा निवासी बजरंगी दास, बादल कुमार भुईयां, महादेव तालाब निवासी दीपक ठठेरा व कोलडीहा निवासी दीपू साव शामिल है. चोरी का सामान खरीदने वाले बड़ा चौक के प्रदीप स्वर्णकार को भी पुलिस ने पकड़ा है. आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप, दो जोड़ा चांदी का कंगन, चांदी का पांच सिंदूर डिब्बा, एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, पीतल की सात मूर्ति व पूजा के बर्तन बरामद किए गए हैं. एसडीपीओ के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, एसआई संजय कुमार, दीपेश कुमार, हवलदार मुस्तकीम अंसारी, आरक्षी नित्यानंद भोक्ता, आदित्य कुमार व सत्येंद्र गोप शामिल थे.

### चोरी की पांच बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**गोड्डा।** जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री करने के आरोपी मो कादिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया . उसकी निशानदेही पर चोरी की पांच बाइक भी बरामद की गई है . पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुमरडोय गांव में चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री होती है . इसके बाद थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने गांव पहुंच कर मो कादिर के घर पर छापेमारी की . परिसर में दो बाइक खड़ी मिलीं . गाड़ी के कागजात मांगने पर पर कादिर नहीं दिखा पाया . सख्ती से पूछताछ करने पर उसने पुलिस को बताया कि दोनों बाइक चोरी की हैं, जिसे उसने खरीदा है . उसने बताया कि वह पहले भी ऐसी बाइक को बेच चुका है . उसकी निशानदेही पर चोरी की बिक्री की गई तीन अन्य बाइक को भी पुलिस ने बरामद कर लिया .

## विदाई उग्रवाद उन्मूलन के लिए तीन दशक से लातेहार में सीआरपीएफ का था कैंप

# लातेहार से होने लगी है सीआरपीएफ की विदाई

सुनील कुमार। लातेहार

उग्रवादियों को मुंहतोड़ जबाव देनेवाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जिले से विदाई हो रही है. सीआरपीएफ की 214वीं एवं 11वीं बटालियन की करीब तीन दशक से जिले में उग्रवादियों के खिलाफ लड़ाई जारी थी. सूत्रों की मानें, तो राज्य सरकार एवं जिले के आला अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर लातेहार जिला उग्रवाद मुक्त हो चुका है. इसी तरह टीपीसी उग्रवादियों का भी सफाया हो चुका है. कुछ स्प्लिंटर ग्रुप को छोड़ कर जिले में उग्रवाद समाप्त हो चुका है. उल्लेखनीय है कि सबसे पहले जिला मुख्यालय स्थित डालडा फैक्ट्री में सीआरपीएफ की 214वीं बटालियन शिफ्ट हुई थी. उसके बाद बालूमाथ, चंदवा, महुआडंड, बरवाडीह, मनिका और देखते ही देखते लगभग सभी प्रखंडों में सीआरपीएफ का कैंप स्थापित हो गया था. सीआरपीएफ जवानों द्वारा माओदियों के खिलाफ अभियान को बखूबी अंजाम दिया गया. हालांकि, उग्रवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सीआरपीएफ को अपने कई जवानों की शहादत भी देनी पड़ी. लेकिन, अंततः सीआरपीएफ ने जिले में उग्रवाद का सफाया कर दिया.



लातेहार में वीरान पड़ा सीआरपीएफ की 214वीं बटालियन का कैंप.

### अमझरिया की बीहड़ में बना पार्क हो गया वीरान

सीआरपीएफ की जिले से विदाई होने पर अमझरिया की बीहड़ में सीआरपीएफ द्वारा निर्मित पार्क अब वीरान दिखने लगा है . पतकी की पहाड़ी पर अवस्थित सीआरपीएफ कैंप पर्यटकों को आकर्षित करती थी . बेतला-नेतरहाट मार्ग पर पर्यटकों की काफी संख्या बढ़ी थी . वहीं सरयू सीआरपीएफ पिकेट रहने से रात्रि में भी पर्यटक इस रास्ते का बेधड़क उपयोग करते थे . सीआरपीएफ के जिले से जाने संबंधित खबर की पुष्टि के लिए डीसी व एसपी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, पर वे शहर में नहीं हैं और फोन पर संपर्क नहीं हो सका .

### उग्रवादी गतिविधियों पर पूरी तरह से अंकुश

एनएच 75 पर अमझरिया, कीनामाड़ एवं पतकी जंगल में सीआरपीएफ कैंप कार्यरत रहा, जहां उग्रवादी गतिविधियों के साथ आपराधिक गतिविधियों पर भी पूरी तरह से अंकुश लग गया . एक वक्त था, जब अमझरिया में दिनदहाड़े सड़क पर लूटपाट हो जाती थी . मगर, सीआरपीएफ का कैंप लगने के बाद लूट की घटना पूरी तरह बंद हो गई है . उसी तरह जगलदगा उदयपुरा व पतकी में वर्षों से कायम सड़क लुटेरा गिरोह का दबदबा भी पूरी तरह से समाप्त हो चुका है . अब इन मार्गों से यात्री बेखौफ होकर 24 घंटे यात्रा करने लगे थे .

# सिमडेगा में नाबालिग के साथ दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

संवाददाता। सिमडेगा

- शाम को सामान खरीदने घर से निकली थी किशोरी
- रास्ते से तीन युवकों ने उठाया, एक ने दुष्कर्म किया

जिले के एक इलाके में तीन युवकों द्वारा एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. तीनों आरोपियों ने हैवानियत की हद पार करते हुए अपने इलाके की ही एक किशोरी के साथ जानवरों की तरह सलूक करते हुए उसके बचपन को खौफ से भर दिया. जानकारी के अनुसार, पीड़ित किशोरी शनिवार की शाम कोई सामान खरीदने के लिए घर से निकली थी.

इस दौरान रास्ते में बाइक सवार तीन लड़कों ने लड़की का रास्ता रोका और जबरने बाइक पर बैठा कर एक स्कूल में ले गए. वहां तीनों लड़कों में से एक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया, जबकि दो लड़कों ने अपने साथी का सहयोग किया. इस कुकृत्य को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी बच्ची को रात में घर के नजदीक सड़क पर छोड़ कर फरार हो गये. किसी तरह घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना से अवगत कराया. इसके बाद परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की लिखित जानकारी दी. मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों लड़कों को रात में ही गिरफ्तार कर लिया. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई कर रही है.

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने लिया मां छिन्नमस्तिका का आशीर्वाद, आगामी चुनाव पर कहा

# हेमंत अच्छे काम कर रहे, सूबे में दोबारा बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार

**संवाददाता। रामगढ़**

कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सोमवार को रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने मां छिन्नमस्तिका की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. साथ ही उन्होंने नारियल की बलि देकर रक्षा सूत्र भी बंधवाया. उसके बाद चितरपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेवारी सौंपी है मैं उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा. साथ ही संगठन की मजबूती ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी. उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में अगले दो माह के अंदर चुनाव होना है. गठबंधन के साथियों से बातचीत चल रही है. सीटों का बंटवारा भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा ताकि एकजुटता के साथ



कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश.

इंडिया गठबंधन चुनाव लड़ेगा. और चुनाव जीतकर दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी. उन्होंने आगे कहा कि इंडिया गठबंधन में कोई विवाद नहीं है. आपसी तालमेल के साथ सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा. इस बार कांग्रेस 2019 चुनाव से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर तरीके से सरकार चला रहे हैं. गरीबों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं. महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू की गई है ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें. 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी जा रही है. किसानों के लिए केसीसी लोन माफ किया जा रहा है. सर्वजन पेंशन योजना लागू किया गया है. युवाओं को नौकरी दी जा रही है. झारखंड में लगातार विकास के काम किये जा रहे हैं, लेकिन भाजपा झारखंड का विकास नहीं चाहती है. इसलिए एक आदिवासी मुख्यमंत्री को झूठे केस में जेल भेजने का काम किया गया था. जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी, क्योंकि भाजपा सिर्फ बांटने की राजनीति करती है. पूरे देश में सिर्फ हिंदू मुसलमान करने का काम करती है. इसलिए जनता दोबारा इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का काम करेगी.

**कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत :** प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के रजरप्पा पहुंचने पर जगह-जगह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया. चितरपुर में कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शहजादा अनवर के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया. यहां पहुंचने पर उन्हें स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया. वहीं रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर में पूर्व विधायक ममता देवी व पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया. वहीं रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित रिसोर्ट में इंटक नेता राजेंद्र नाथ चौधरी व हाजी अख्तर आजाद के नेतृत्व में स्वागत किया गया. मौके पर धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जोया परवीन, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान, चितरंजन दास चौधरी, जकाउल्लाह, जाकिर अख्तर, शांतनु मिश्रा, लक्ष्मण महतो, योगेंद्र उपाध्याय, प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, तारिक अनवर, संतोष रजक, मुख्तार अंसारी, आदित्य सिंह, राजकुमार यादव, मुकेश यादव, मो साजिद सहित कई मौजूद थे.

## मुन्ना सिंह ने किया नए प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन

**संवाददाता। हजारीबाग**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने सोमवार को नवनियुक्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का गर्मजोशी से स्वागत किया. इस अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे. समारोह में मुन्ना सिंह ने परंपरागत झारखंडी पगड़ी पहनाकर और गमछा ओढ़ाकर महतो का स्वागत किया.कार्यक्रम में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे. मुन्ना सिंह ने कहा कि आज का दिन झारखंड कांग्रेस के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है. केशव महतो के नेतृत्व में हम राज्य की जनता की आवाज बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमारी परंपराओं और



वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह केशव महतो कमलेश का स्वागत करते हुए.

संस्कृति को संजोते हुए, हम झारखंड के विकास और प्रगति के लिए निरंतर कार्य करेंगे. यह हमारी पार्टी की एकता और संकल्प का प्रदर्शन है. इस मौके पर सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि गणेश मेहता, मुकेश कुमार पासवान सरपंच, बबलू सिंह, संजय सिंह, मनोज कुमार, अनुप सिंह, इलियास अंसारी, कामा रविदास, मनोज सिन्हा, नित्यंजय सिंह, द्वारिका नाथ तिवारी, भरत सिंह, गोतम कुमार, रविंद्र कुशवाहा, उमेश ठाकुर, पप्पु सिंह, मो लाल, साबीर अंसारी, सुजीत सिंह, दिनेश यादव आदि उपस्थित रहे.

### ब्रीफ खबरें

#### नाबालिग से दुष्कर्म कर फरार हुआ आरोपी

**हजारीबाग।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है. इसमें आरोपी घटना के बाद फरार हो गया है. आरोपी की पहचान तुरारो गांव निवासी मो. साहेब अंसारी उर्फ अली इमाम के रूप में हुई है. इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. साथ ही नाबालिग का मेडिकल चेकअप भी हो गया है. बताया गया है कि रविवार देर शाम को नाबालिग अपने घर में अकेली थी. नए घर में दरवाजा और खिड़की नहीं लगी थी, जिस कारण आरोपी आसानी से नाबालिग के घर में घुस गया और उसे अकेला पाकर घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने जल्द ही आरोपी को पकड़कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की बात कही है.

#### बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**रामगढ़।** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस ने पतरातू थाना क्षेत्र अन्तर्गत पोस्ट ऑफिस चौक के पास अंतरजिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. यह जानकारी पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता में दी. उक्त दोनों युवकों की पहचान राजा पाल उर्फ राजा बंगाली (28), राहुल कुमार (21) के रूप में हुई है.

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, करोड़ों की मुआवजा राशि बनी हत्या की वजह

# संजय बेदिया हत्याकांड का उद्‌भेदन, भाड़े के अपराधी से करवायी गई थी हत्या

**संवाददाता। रामगढ़**

संजय बेदिया हत्याकांड का रामगढ़ पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है. बीते दिनों कुज्जू ओपी के पास अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. मामले के त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने एसआईटी का गठन किया था. पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि गांव के लोगों द्वारा भाड़े के अपराधकर्मियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया है. एक वर्ष पूर्व धर्मेंद्र बेदिया को भारतमाला प्रोजेक्ट एवं अन्य सरकार द्वारा अधिगृहित जमीन के एवज में तीन करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई थी, जिसमें मृतक संजय बेदिया को कम राशि दी गई थी. संजय द्वारा अपने हिस्से की राशि की मांग की जाती थी, जबकि धर्मेंद्र बेदिया और पैसा देना नहीं चाहता था. इस कारण उसने संजय बेदिया की हत्या करवाने के उद्देश्य से अपने फुफेरे भाई सुभाष बेदिया का सहारा लिया. सुभाष बेदिया ने धर्मेंद्र बेदिया को बताया कि जमीन मुआवजा की राशि 2 करोड़ रुपये मिलने की बात संजय को बतानी है. शेष 1 करोड़ 12 लाख रुपये हमदोनों आपस में बांटेंगे. संजय बेदिया की हत्या करवा देने से फिर किसी प्रकार का विवाद नहीं रहेगा. इसके लिए 2 लाख रुपये देने होंगे. इस पर धर्मेंद्र बेदिया राजी हो गया और करीब 25,000 रुपये सुभाष बेदिया को अग्रीम राशि दे दी. इसके बाद सुभाष बेदिया ने अपने सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ बोंगावार के पास पहुंच कर धर्मेंद्र बेदिया को बुलाकर योजना बनाई.



संजय बेदिया हत्याकांड का उद्भेदन करते पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और अन्य पुलिस अधिकारी.

#### अमन ठाकुर ने काफी नजदीक से लगातार तीन गोली

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नयामोड़ पर ही धर्मेंद्र बेदिया ने शूटर अमन ठाकुर, करण उरांव और सुभाष बेदिया के समक्ष संजय बेदिया की पहचान कराई और खुद वहां से अलग हो गया. लगभग 7 से 08 बजे के बीच संजय बेदिया मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहा था. इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार अपराधकर्मी अमन ठाकुर ने संजय बेदिया को काफी नजदीक से लगातार तीन गोली मारकर उसकी हत्या कर दी. पूछताछ करने पर उन्होंने अपना अपराध स्वीकार करते हुए पूरे घटनाक्रम को बताया तथा उनकी निशानदेही पर सुभाष बेदिया को, सुभाष बेदिया की निशानदेही पर करण उरांव एवं अमन कुमार ठाकुर को घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ तथा धर्मेंद्र बेदिया, सुभाष बेदिया, करण उरांव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल एवं गोली जिसे उमेश बेदिया के पास छिपाकर रखा था को बरामद किया एवं घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया गया.

#### छापामारी दल में ये अफसर रहे शामिल

छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, बरकाकाना ओपी प्रभारी मो अख्तर अली, पुअनि संजय हेम्ब्रम, तकनीकी शाखा, रामगढ़ एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

#### गिरफ्तार अभियुक्त और जब्त सामान

गिरफ्तार अभियुक्तों में धर्मेंद्र बेदिया, सुभाष बेदिया, करण उरांव, अमन कुमार ठाकुर, उमेश बेदिया शामिल हैं. वहीं जब्त सामान में एक देसी पिस्टल, तीन खोखा, दो कारतूस, दो मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन शामिल हैं.

## विस चुनाव की तैयारी में जुटने और बूथ पंचायत कमिटी गठित करने का निर्देश



**रामगढ़।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सोमवार को रामगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लिया. उनका जिला कमेटी, प्रखंड कमिटी और पंचायत कमिटी ने स्वागत किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने की, जबकि संचालन शांतनु मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन बलराम साहू ने किया. प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में जुटने और बूथ कमिटी और पंचायत कमिटी का गठन करने का निर्देश दिया. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान, शहजादा अनवर, ममता देवी, बजरंग महतो, कमाल शहजादा, सीपी संतन, रियाज अहमद, राजकुमार यादव, तारिक अनवर, गजेंद्र सिंह, केदार पासवान आदि मौजूद थे.

## बरसात में गिरा गरीब का घर मदद करने की लगाई गुहार

- माली हालत खराब होने के कारण घर के ऊपर प्लास्टिक डालकर बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही थी पीड़िता

**संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण फुलांग पंचायत अंतर्गत बांसडीह निवासी अतिमा खातून पति कयूम मियां का कच्चा मकान धराशायी हो गया. इससे पीड़ित परिवार के समक्ष सिर छिपाने को लेकर परेशानी उत्पन्न हो गई है. पीड़ित परिवार बच्चों संग दूसरे के घर शरण लेने को मजबूर हैं. पीड़िता की माली हालत इतनी ज्यादा खराब है कि अपने जीर्ण-शीर्ण कच्चे मकान के ऊपर प्लास्टिक डालकर किसी तरह बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही थी, परंतु



बच्चों के साथ पीड़िता

लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चा मकान धराशायी हो गया. पीड़ित दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण कर रही थी. माली हालत खराब होने के कारण बिना सहायता के आवास का निर्माण कर नहीं सकती. पीड़िता ने पंचायत की मुखिया रेणू देवी के अलावा अंचल अधिकारी व थाने में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है.

## चौपारण थाना पुलिस ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर किए जब्त

- लगातार कार्रवाई किए जाने के बावजूद अवैध बालू तस्करी रुक नहीं पा रही

**संवाददाता। चौपारण**

एनजीटी के आदेश लागू होने के बाद थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में चौपारण पुलिस द्वारा लगातार बालू तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के बावजूद अवैध बालू तस्करी रुक नहीं पा रही है. प्रखंड क्षेत्र में गुप्त तरीके से बालू की तस्करी की सूचना पुलिस को मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है. सोमवार को भी चतरा मोड़ के समीप से चौपारण पुलिस ने अवैध तरीके से बालू लदे दो ट्रैक्टरों को जब्त किया. ज्ञात हो कि प्रखंड में इटखोरी, मयूरहंड और बिहार के भलुवा सहित कई अन्य क्षेत्रों से बालू की तस्करी हो रही है, जिनके



पास न तो कोई परमिट होती है और न ही लाइसेंस. ये सभी चोरी छुपे नदियों से अवैध तरीके से बालू का उठाव कर मनमाने तरीके से अनाप शनाप दाम में बालू बेच कर मोटी कमाई कर रहे हैं. बता दें कि बालू के रेट में अनाप शनाप वृद्धि के कारण अबुआ आवास सहित अन्य योजनाओं के लाभुकों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे लाभुकों को निःशुल्क बालू आपूर्ति की घोषणा की गई है, लेकिन अबतक किसी भी लाभुक को निःशुल्क बालू नहीं मिल पाया है. चौपारण थाना प्रभारी ने बताया एनजीटी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है.

## दो माल वाहक वाहन भिड़े, एक चालक की मौत

**विष्णुगढ़।** थाना क्षेत्र स्थित भेलवारा के पास सोमवार की अहले सुबह विपरीत दिशा आ रहे दो भारी माल वाहक वाहन आपस में भिड़ गए. इनमें एक पर कोयला लदा था और दूसरा खाली था. इस भिड़ंत में एक चालक की मौत हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसकी आवाज सुनकर भेलवारा के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए. दोनों वाहनों के बुरी तरह घायल चालक अपने-अपने वाहनों के केबिन में फंसे हुए थे. उनकी कमर के नीचे के हिस्से दबे हुए थे. घटना की सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. आसपास के अन्य ग्रामीण भी जुटे. क्रेन और जेसीबी की मदद से ट्रकों को अलग कर चालकों को निकाला गया. दोनों को सीएचसी लाया गया, जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार देने के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया, मगर चालक हमीद अंसारी की रास्ते में मौत हो गई.

## चुनाव कमटी : सुरेश अध्यक्ष प्रेम पांडेय सचिव बनाए गए

**संवाददाता। हजारीबाग**

कन्याकुब्ज पूर्वी ब्राह्मण समिति पदमा ने सोमवार को आगामी चुनाव को लेकर एवं समाज के विस्तारीकरण एवं विकास को लेकर बैठक की, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए. बता दे कि अगले कुछ महीने में पूर्वी ब्राह्मण समिति पदमा के चुनाव होने हैं. बैठक में पदमा की आठों पंचायत के ब्राह्मण उपस्थित हुए. इसमें चुनाव को लेकर सर्व सहमति से एक कमेटी बनाई गई. सुरेश पांडेय अध्यक्ष, प्रेम पांडेय सचिव, धीरज कुमार पांडेय कोषाध्यक्ष, गोपाल पांडेय, संजय पांडेय मतदाता सूची पदाधिकारी, भृगु पांडेय, लोकेश पांडेय रिटर्न पदाधिकारी बनाये गये. बैठक में कन्याकुब्ज पूर्वी ब्राह्मण समिति पदमा के संरक्षक बालदेव पांडेय, उप



संरक्षक सरयू पांडेय, अध्यक्ष संतोष पांडेय, उपाध्यक्ष विकास पांडेय, सचिव संजय पांडेय, उपसचिव चंद्र देव पांडेय, महेंद्र पांडेय, सरोज पांडेय, प्रमोद पांडेय, नित्यानंद पांडेय, अजीत पांडेय, राजकुमार पांडेय आदि शामिल रहे.

## कमलवार में आधुनिक सुविधाओं से लैस 10 बेड के अस्पताल का उद्‌घाटन

**प्रत्येक महीने के 1 और 15 तारीख को निःशुल्क मरीजों को देखा जाएगा**

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड की पंचायत पांडेयबारा के ग्राम कमलवार में सोमवार को मेडिका हॉस्पिटल का उद्‌घाटन प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेडिका हॉस्पिटल खुलने से अगल-बगल और दूर दराज के मरीजों को इलाज करवाने में सुविधा मिलेगी. इस क्षेत्र में एक अच्छे अस्पताल की आवश्यकता थी, जो आज पूरा हो गया.

वहीं संचालक कुद्दुस मियां ने कहा कि हम 24 घंटे सभी मरीजों को सेवा देने का काम करेंगे. इस क्षेत्र में इलाज की सुविधा नहीं होने के कारण कई अप्रिय घटनाएं घट चुकी हैं. इस अस्पताल के खुल जाने से अब गरीब लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा. इससे उनको पैसे की भी बचत होगी. वहीं अस्पताल के निदेशक एवं चिकित्सक डॉक्टर आर कुमार ने कहा कि हमारे यहां ऑपरेशन की सारी सुविधा जैसे बच्चेदानी, किडनी, स्टोन, पथरी, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील, फैमिली प्लानिंग, लिवर, हाथ-पैर टूटने एवं प्लास्टर की इलाज, स्त्री एवं बाल रोग विशेष के साथ नॉर्मल डिलेवरी की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं. अस्पताल में प्रत्येक महीने 1 और 15 तारीख को निःशुल्क मरीजों को देखा जाएगा. मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, संचालक कुद्दुस मियां, निर्देशक डॉ आर कुमार, समाजसेवी जुबैर अहमद, मो. मुस्तकीम, हलीम अंसारी, यासीन अंसारी, तसुअर अंसारी, तफिक असर, जुनैद अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे.

## दुर्घटनाग्रस्त वाहन से चावल की चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रामगढ़।** चूटूपालू घाटी में एक चावल लदे ट्रक पलटा हुआ था, जिसकी देख-रेख वाहन चालक द्वारा किया जा रहा था. इस दौरान 25 अगस्त की रात्रि में वाहन चालक की आंख लग गई तो वह सो गया. जब आंख खुली तो देखा कि चावल की बोरी नीचे गिरी है तथा वाहन की दोनों बैट्री गायब हैं.

इसी बीच वाहन चालक ने अन्य वाहनों के चालकों के सहयोग से भाग रहे तीन व्यक्तियों में से दो व्यक्ति को पकड़ लिया. यह जानकारी सोमवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता में दी. बताया कि उसी दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी वहां पहुंची तथा पकड़े दोनों व्यक्ति को अपने कब्जे में लेते हुए पूछताछ की तो दोनों ने चोरी करने की बात स्वीकार की. उनकी निशानदेही पर वाहन से चोरी की गयी दो बैट्री को बरामद किया गया है.

**आस्था**


### हाथी घोड़ा पालकी- जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे से गुंजायमान हुआ वातावरण

# राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धा से मना जन्माष्टमी का त्योहार

**संवाददाता। हजारीबाग**

बॉडम बाजार, ग्वाल टोली, मथुरा नगर स्थित राधा-कृष्ण शिव परिवार पंचमुखी हनुमान मंदिर में सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया. मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था से परिपूर्ण होकर जन्माष्टमी का त्योहार मनाया गया.

मंदिर कमिटी द्वारा मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया गया. उसके बाद लड्डू गोपाल को मनमोहक श्रृंगार कर उन्हें विधि-विधान से झूले में अधिष्ठापित किया गया. इसके बाद महंत अजय पांडे द्वारा विधि विधान से मंत्रोचरण के साथ पूजा संपन्न



कराई गई. पूजा में जजमान के रूप में मनीष कुमार मुन्ना, कैलाश यादव, विराट यदुवंशी, शीला देवी, रीना कुमारी, शनाया कुमारी, कुणाल यादव, सुमन वर्मा शामिल हुए. पूजा के बाद भक्तों द्वारा लड्डू-गोपाल को भक्ति गीतों संग झूमते-गाते भक्तों ने झूला झुलाया और भोग लगाया. भक्तों द्वारा मंदिर परिसर में कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार को हर्षोल्लासपूर्वक मनाया और हाथी घोड़ा पालकी-जय कन्हैया लाल की, जय श्री कृष्ण के नारे खूब लगाए. रात्रि में 8 बजे से मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी. इसके बाद मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जो रात्रि 11:45 तक चला. 12 बजते ही मंदिर में शंख और घंटी की आवाज गूंजने लगी और फिर श्री कृष्ण का आगमन हुआ, जिसके बाद महाआरती की गई. इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया.

## राधा कृष्ण के परिधान में झांकियों की प्रस्तुति दे बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

**संवाददाता। रामगढ़**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर सोमवार को मारंगमरचा स्थित एपेक्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राधा कृष्ण के परिधान में झांकियों की प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया. बच्चों ने श्रीकृष्ण-राधा की नृत्य लीला का मंचन कर पूरे विद्यालय परिसर को भक्ति भाव में विभोर कर दिया. भगवान श्रीकृष्णा और भगवान सुदामा की मित्रता पर बच्चों ने एक नाटक प्रस्तुत किया. विद्यालय के संस्थापक ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-



साथ अपने प्रमुख पर्व त्योहारों के बारे में जानकारी देना भी बेहद जरूरी है. विद्यालय प्रांगण में दही हांडी फोड़ने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया. श्रीकृष्णा परिवेश में ग्रुप-ए से आयांश कुमार, अनमोल कुमार, अंश कुमार, ग्रुप-बी से निखिल पाठक, अद्विक कश्यप, लोकेश कुमार व ग्रुप-सी से लकी कुमार, अर्श कुमार, आदित्य कुमार ने बाजी मारी. वहीं श्रीराधा परिधान में ग्रुप-ए से मिताली राज, प्रिंसी गुप्ता, तृप्ति कुमारी, ग्रुप-बी से आराधना कुमारी, मधु कुमारी, आयुषी कुमारी तथा ग्रुप-सी से राधिका कुमारी, रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी रही.

## काठ पूजा परंपरा व सांस्कृतिक धरोहर की प्रतीक : प्रमोद यादव



**संवाददाता। हजारीबाग**

शहर में भक्ति भाव का माहौल हर तरफ नजर आ रहा है. सावन माह की समाप्त के बाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के साथ मां दुर्गे की पूजा अर्चना की तैयारी प्रारंभ हो जाती है. शहर के बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर एक नंबर थाना स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में काठ पूजा अर्चना पुजारी, अरूप कुमार भट्टाचार्जी द्वारा विधि विधान के साथ संपन्न कराई गई. इसमें यजमान के रूप में बाल गोविंद निषाद, लखन निषाद, संजय यादव, दिलीप सोनी एवं सचिन केसरी शामिल हुए. यह जानकारी महासमिति के मीडिया प्रभारी प्रमोद खंडेलवाल ने दी. महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बताया कि काठ पूजा हमारी परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर की प्रतीक है. वहीं महा समिति के सचिव दीप नारायण निषाद ने कहा कि पूजा के दौरान पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उत्साह दिखाई दिया.

## ब्रीफ खबरें

### चोरों ने की बिजली तार की चोरी,अंधेरे में गांव

**सेन्हा/लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झखरा जितिया टोली में चोरों ने बिजली तार चोरी की. जिससे पूरे गांव में अंधेरा फैल गया. सेन्हा थाना क्षेत्र के झखरा जितिया टोली में बीते रात अज्ञात चोरों ने बिजली खंभा में लगा तार को चोरी कर लिया गया. ग्रामीणों ने बताया कि चोरी घटना को अंजाम रविवार रात्रि में दिया गया है.ग्रामीणों का कहना है कि बिजली तार चोरी होने से बरसात के महीने में रात को काफी दिक्कत हो रही है. चोरी की सूचना बिजली विभाग को ग्रामीणों ने दी है.

### नर्मदेश्वर शिव मंदिर में अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन

**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को नर्मदेश्वर शिव मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी पर अखंड हरि कीर्तन हुआ. हरिकीर्तन सोमवार 12 बजे दिन से 12 बजे मध्य रात्रि तक चला. इस अवसर पर हरे राम-हरे कृष्ण के गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया है. आयोजन में मुख्य रूप से गंगा प्रसाद,आनन्द प्रसाद साहू,वसंत साहू,मोती साहू,कृष्णा साहू,अनिल साहू, बालेश्वर साहू,रिंकु प्रसाद, बजरंग प्रसाद, कमलेश साहू, अभिमन्यु कुमार इत्यादि लोग उक्त अखंड हरिकीर्तन अनुष्ठान मे उपस्थित थे.

### पेट्रोल पंप संचालकों ने किया विरोध - प्रदर्शन

**भंडरा/लोहरदगा।** जिले के भंडरा में यशराज पेट्रोल पंप के संचालकों ने काला बिल्ला लगाकर सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन किया. मौके पर पेट्रोल पंप संचालक संजय खत्री ने कहा कि पेट्रोल पंप संचालक हर विपरीत परिस्थिति में भी जनहित को देखते हुए व्यवसाय का संचालन करते हैं. प्रदर्शन में मैनेजर राम बहादुर सिंह, साजिद अंसारी, रंथू उरांव, सत्यनारायण लाल, संदीप उरांव, मनीष, बंदी राम, अनूप, प्रमोद सहित अन्य लोग शामिल हुए.

### मुखिया ने किया दो राशन दुकानों का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह पंचायत के मुखिया अनुज कुमार त्रिपाठी ने उप मुखिया प्रभात रंजन पांडे, वार्ड सदस्य, निगरानी समिति अध्यक्ष चंदा देवी तथा कार्डधारीयो की उपस्थिति में पंचायत के बड़कागांव के जन वितरण प्रणाली दुकानदार शंभू पांडेय की दुकान का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि शंभू पांडेय ने कार्डधारियां को अगस्त माह का राशन नहीं दिया है. पूछने पर शंभू पांडेय ने कहा कि उनके पास अगस्त का अनाज अभी तक नहीं आया है. जबकि पंचायत के अधिनस्त सभी राशन दुकान में राशन प्राप्त हो चुका है. अगस्त के आवंटन के संबंध में पूछने पर बताया कि मात्र 650 किलो अनाज उन्हें मिला है.

### दफादार चौकीदार का प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन


**सेन्हा/लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का प्रखंड स्तरीय कमेटी का गठन किया गया. प्रखंड स्तरीय झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का गठन सर्व सम्मति से प्रभुदयाल मिंज को अध्यक्ष और सुजीत उरांव को सचिव चुना गया. कोषाध्यक्ष पद पर प्रतिमा देवी निर्वाचित हुई. प्रखंड कमेटी गठन के पश्चात झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत संघ का जिला अध्यक्ष शमशुल अंसारी ने कहा कि एक जुट होकर संघ के माध्यम से हम सभी ग्रामीण चौकीदार अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए मजबूती के साथ तैयार हैं. मंच संचालन कुडू प्रखंड अध्यक्ष राजू राम द्वारा किया गया.

भंडरा में पांचवीं बार 27 हाथियों के झुंड की धमक से क्षेत्र वासियों में भय का माहौल

# जंगली हाथियों के दहशत से सड़क पर उतरे लोग

- हाथियों के झुंड को भगाने में वन विभाग विफल
- कई घरों को किया ध्वस्त, फसलों को रौंदी

**शकील अहमद। भंडरा/लोहरदगा**




कैरो से भंडरा प्रखंड में प्रवेश करता गजराजों का झुंड व हाथियों के खौफ से सड़क पर उतरे लोग.

भंडरा प्रखंड क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है. रविवार की देर-रात क्षेत्र में फिर से करीब 27 हाथियों के झुंड का अचानक आने से भंडरा क्षेत्र वासियों के होश उड़ गये है. उल्लेखनीय है कि जंगली हाथियों के इस झुड का भंडरा प्रखंड क्षेत्र में लगातार पांचवी बार आगमन होने से लोगों को सकते में डाल दिया है. भंडरा प्रखंड क्षेत्र में पहुंचे हाथियों के झुंड ने कई गरीबों के आशियाने को ध्वस्त किया है. किसानों के खेतों लगे फसलों को भी रौंद डाला है. बीते रात्रि लगभग 27 की संख्या में कैरो प्रखंड के ग्राम नरौली होते हुए भंडरा पहुंचे हाथियों के झुंड ने सैकड़ों किसानों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है. इधर इसकी जानकारी वन विभाग और ग्रामीणों को लगी तो उसे खदेड़ने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है, बावजूद भी हाथियों के झुंड क्षेत्र छोड़ने का नाम नहीं ले रहा है. बता दें कि बीते देर-रात्रि फिर से भंडरा प्रखंड क्षेत्र के बंडा, अकाशी, कुम्हरिया, कसपुर, नौडीहा, पझरी, बिटपी, सेमरा होते हुए तिलसरी पतरा में अड्डा जमाए हुए है. इससे क्षेत्र में अफ़रा-तफ़री का माहौल है. क्षेत्र के लोगों में खौफ बना हुआ है.

**दहशत से रात जागने को मजबूर हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों ने बताया कि हाथी रात के समय में जब से जंगल से निकल कर भंडरा क्षेत्र में पहुंचा है, लोग दहशत और खौफ से रतजगा करने को मजबूर हैं. यहां पर वन विभाग के लचर रवैया से क्षेत्र वासियों में दिन ब दिन आक्रोश बढ़ता जा रहा है. गांव वालों का कहना है कि भंडरा क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बरकरार है और वन विभाग की टीम कुंभकर्ण की गहरी नींद में सोई हुई है.

#### वन विभाग सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है: ग्रामीण

भंडरा प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि विगत चार महीने से लगातार जंगली हाथियों के झुंड के द्वारा क्षेत्र में गरीबों के घरों को ध्वस्त कर और किसानों के फसलों को रौंदकर कमर तोड़कर रख दिया है. ग्रामीणों के मुताबिक जंगली हाथियों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए वन विभाग द्वारा किया जा रहा रेस्क्यू महज खानापूर्ति बनकर रह गया है. वन विभाग सकारात्मक भूमिका निभाती तो अभी तक जंगली हाथियों के इस झूंड को नियंत्रित और सुरक्षित स्थान तक पहुंचा देता गांव वालों का कहना है कि शाम ढलने के बाद शुरू हुई रेस्क्यू आधे घंटे से 45 मिनट में ही खत्म हो जाता है.

गांव-गांव घूम रहे हैं मंत्री, कर रहे हैं जनसमस्या का निदान

# स्वहित के लिए नहीं, जनहित के लिए करता हूं राजनीति : मिथिलेश

**संवाददाता। गढ़वा**



ग्रामीणों को संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर लगातार विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव का भ्रमण कर रहे हैं. क्षेत्र भ्रमण कर मंत्री श्री ठाकुर प्रतिदिन ग्रामीणों की जनसमस्या का निदान कर रहे हैं. सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड के तेनार एवं संगबरिया पंचायत में लगभग एक दर्जन गांव में भ्रमण कर जनसंवाद का आयोजन किया. इस दौरान ग्रामीणों से मिल कर क्षेत्र की समस्या का निदान भी किया. इस क्रम में मंत्री श्री ठाकुर तेनार पंचायत के ग्राम तेनार में पंचायत भवन के समीप, तेनार उच्च विद्यालय के समीप, बगही टोला में स्कूल के समीप, ग्राम सोहबरिया के चकनाही टोला में स्कूल के समीप, सोहबरिया दुर्गा मंडप के समीप, पंचायत संगबरिया के ग्राम भीमखांड़ में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम बनुआ में स्कूल के समीप, ग्राम रजहारा एवं शेराशाम का रजहारा मध्य विद्यालय, दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम संगबरिया में पंचायत भवन के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों की समस्या सुनी. इस दौरान उन्होंने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान करते हुए शेष समस्याओ का यथाशीघ्र निदान कराने की बात कही. इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता ने जब से मुझे अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार क्षेत्र में जनता के बीच रहकर जनता के लिए ही काम कर रहे हैं. मंत्री ने कहा कि राजनीति मेरा पेशा नहीं है. मैं जनसेवा के लिए राजनीति करता हूं. जनता की सेवा में ही खुद को समर्पित कर चुका हूं. जनता का हर दुख दर्द, हर समस्या मेरी अपनी समस्या है. यही सोंच कर मैं हमेशा जनसेवा का कार्य करता हूं. उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में झारखंड में नई सरकार गठन होने के बाद से हेमंत सरकार लगातार जनहित में बेहतर कार्य कर रही है. राज्य गठन के बाद से 2019. के पूर्व तक किसी भी सरकार ने कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया, जिससे राज्य एवं राज्य की जनता का भला हो सके. जनहित में लगातार किये जा रहे बेहतर कार्यां से केंद्र सरकार बेचैन हो गई है. यही कारण है कि झूठे आरोप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा. परंतु राज्य की जनता की ताकत एवं आशीर्वाद से हेमंत सोरेन जेल से छूटकर पुनः मुख्यमंत्री बने. मंत्री श्री ठाकुर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि गढ़वा एवं राज्य की विकास की गाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के कुर्सी पर बैठायें. ताकि विकास अनवरत चलता रहे. मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, जैनेंद्र सिंह, बीडीसी जगदीश भुईयां, कामता सिंह, उदय सिंह, उजेश राम, रामदुलार राम, रविंद्र चौधरी, उमेश राम, नंदलाल राम, अक्षय कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, मो. अलताफ अंसारी, मो. आसिफ अंसारी, रमेश बैठा, कंचन प्रसाद गुप्ता, शंभु प्रसाद, अंकित पांडेय सहित कई अन्य उपस्थित थे.

### चेकिंग के दौरान दर्जनों मोटरसाइकिल जब्त

**मझिआंव।** एसपी दीपक कुमार के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक मोड सहित विभिन्न चौराहों पर थाना प्रभारी आकाश कुमार के नेतृत्व में एंटी क्राइम के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस वाहन चेकिंग में दर्जनों दोपहिया वाहनों को पकड़ कर जप्त किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि एसपी एवं वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. जिसमें दस मोटरसाइकिल को पकड़ा गया. सभी वाहनों को जप्त करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया है. उन्होंने कहा कि जांच के दौरान बिना हेलमेट, नाबालिग चालक, बिना वाहन कागजात एवं ट्रिपल लोड चल रहे मोटरसाइकिल सवारियों पर विशेष नजर रखी गई.

### सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के कड़िया धाम के समीप बीती रात्रि बाइक अनियंत्रित होकर पलटने से उस पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हे राहगीर मकरी बरवाबांध निवासी विनोद यादव और सुजीत राम के सहयोग से एक ऑटो से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया. जहां सीएचओ सुभाष कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनो लोगों की गढ़वा रेफर कर दिया गया. घायलों में खरौंधी चोरिया निवासी अखिलेश पटेल पिता नागेंद्र चौधरी, अनूप कुमार पिता उमेश बैठा का नाम शामिल है.

# गढ़वा नप क्षेत्र के सैकड़ों लोग झामुमो में हुए शामिल



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री

**संवाददाता गढ़वा**

गढ़वा शहरी क्षेत्र के युवाओं सहित विभिन्न गावों के 500 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया. सोमवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शहर के कई युवा, व्यवसायी एवं समाजसेवी सहित काफी संख्या में लोग, मेराल प्रखंड के करकोमा से ब्राहमन समाज एवं अन्य समाज के लोग, ग्राम कोरवाडीह एवं जोबरईया के युवाओं सहित अन्य लोगों ने भाजपा एवं अन्य राजनीति दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर लिया. जबकि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मेराल प्रखंड के तेनार पंचायत भवन, तेनार उच्च विद्यालय एवं तेनार पचमुहान टोला में काफी संख्या में युवकों, महिलाओं एवं पुरुषों ने भी भाजपा एवं दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो की सदस्यता ग्रहण कर लिया. मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर सभी को झामुमो में शामिल किया.

### एमएसीपी ही शिक्षकों का सही सम्मानः झापसा

लोहरदगा। जिले के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर एक आवश्यक बैठक किया. जिसमें कहा गया कि विगत 25 वर्षों से जिस प्रकार से प्राथमिक शिक्षकों का प्रोन्नति बाधित है और शिक्षकों को सहायक शिक्षक, सहायक आचार्य को 1 से 5 और 6 से 8 में बांटा जा रहा है. कहा कि घटे हुए वेतनमान पर प्रारंभिक शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है. इससे स्पष्ट हो चुका है कि शिक्षकों को केन्द्रीय शिक्षकों सदृश्य वेतन और सुविधाएं मिलना तो दूर की बात है. उनका सम्मान भी अब पहले जैसा नहीं रहा, ऐसी परिस्थिति में राज्य के अन्य कर्मियों की तरह प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को एमएसीपी मिले . बैठक में महासचिव प्रेम प्रसाद राणा, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, भोला नाथ दीक्षित, मनीलाल दास , विनोद उपाध्याय, शर्तुक प्रधान , लीलावती मिंज, सोशन मिंज, हेमेंद्र मंडल , सत्यनारायण यादव, जय मंगल सिंह, भूषण महतो, बसंती देवी, पुरुषोत्तम दास, देवंती कुमारी आदि विभिन्न जिले के जिला प्रतिनिधियों ने भी अपना-अपना विचार रखा.

# सीएस ने भवनाथपुर और केतार प्रखंड का लिया जायजा



पल्स पोलियों अभियान की जानकारी लेते सीएस.

**संवाददाता। भवनाथपुर**

पल्स पोलियों अभियान के दूसरे दिन गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने भवनाथपुर और केतार प्रखंड का जायजा लिया. इस दौरान सीएस से छह माह से बंद पड़े एक्स-रे मसीन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि टेक्नीशियन से बात हुई है. अगस्त माह के अंत तक गढ़वा जिला में क्रय किए गए तीनों मशीन को चालू कर लिया जाएगा. वहीं जर्जर भवन के बारे में पूछे जाने पर बताया कि मुझे भी इसकी जानकारी नहीं थी, जानकारी मिलते हीं मैने भी संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी को पत्राचार किया है कि नया भवन बनाया जाए. भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक दर्जन बिना लाइसेंस के जांच घर, हॉलसेल दावा दुकान के जगह खुदरा बिक्री, प्रखण्ड के अंर्तगत 50-60 छोला छाप चिकित्सक वे धड़क इलाज कर रहे जिस से आए दिन गलत जांच रिपोर्ट एवम गलत इलाज हो रहा है. मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश सिंह, संजय कुमार, लेखापाल प्रदीप पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, डीपीआर रोहित सिंह, सुनील पटेल, अनूप गुप्ता आदि शामिल थे.

तैयारी | मंकी पॉक्स के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए पलामू स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

# एमएमसीएच में तैयार किये गये ऑक्सीजन युक्त 20 बेड

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

#### जिले के सभी प्रखंडों में चलेगा जागरूकता अभियान



जानकारी देते सिविल सर्जन व अन्य.

**खास बातें**

- विदेशों से आने वाले लोगों पर निगरानी रखी जाएगी
- थाइलैंड, सूडान, पाकिस्तान में भी मंकी पॉक्स का वायरस आ गया है.


विदेशों में मंकी पॉक्स के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए पलामू स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से अलर्ट है. पलामू के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता में कहा कि मंकी पॉक्स-1 बी वायरस विदेशों में बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि थाइलैंड, सूडान, पाकिस्तान में भी मंकी पॉक्स का वायरस आ गया है. उन्होंने कहा कि भारत देश में पंकी पॉक्स का एक भी केस अभी सामने नहीं आया है. उन्होंने कहा कि पलामू स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर तैयारी शुरू कर दिया है. उन्होंने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन युक्त 20 वार्ड तैयार किया गया है. वहीं रेलवे स्टेशन, बस स्टैंडों पर जागरूकता के लिए बैनर लगाये जाएगें. उन्होंने कहा कि संबंधित दवाएं भी उपलब्ध है. विदेशों से आने वाले लोगों पर निगरानी रखी जाएगी. उन्होंने कहा कि मंकी पॉक्स के सामान्य लक्षणों में बुखार, त्वचा पर चकता (चेहरे से शुरू होकर हाथ, पैर, हथेलियों और तलवों तक), लिम्ड नोड के सूजन, सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द या थकावट, गले में खरास और खांसी आदि प्रमुख है. उन्होंने कहा कि इन सारी लक्षणों में किसी को कोई दिखाई तो चिकित्सकों से तुरंत संपर्क करना चाहिए. यदि किसी को मंकी पॉक्स हो गया है तो संक्रमित को पृथक करें एवं मरीजों से अन्य व्यक्तियों से दूरी बनायें. संक्रमित व्यक्ति द्वारा मास्क का उपयोग किया जाना चाहिए एवं त्वचा के घावों को चादर या गाउन से ढ़कर रखना चाहिए. संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किये गये चादर, कपड़े या तौलिए जैसी दुषित सामग्री से संपर्कमें आने से बचे. साबुन और पानी या अल्कोहल आधारित सेनेटाइजर या उपयोग कर हाथों की स्वच्छ रखना चाहिए. उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में जाने से परहेज करना चाहिए. साथ ही मास्क का भी उपयोग करना चाहिए.

### रुद्र शुक्ला ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा अपना बॉयोडाटा

**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के नेता रुद्र शुक्ला ने चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए अपना बायोडाटा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को उनके आवास पर सौंपा है.अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए युवा नेता रुद्र शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष को पांकी विधान में अपनी मजबूती और समाज के सभी वर्ग के बीच अपनी स्थिति से भी अवगत कराया है. रुद्र शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सरल स्वभाव के व्यक्ति है और उन्हें कई बार पार्टी की कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी है.

## न्यूज अपडेट

### कुड़ू में देर रात गूंजे जय कन्हैया लाल की...



**कुड़ू/लोहरदगा।** जिले के कुड़ू प्रखंड क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. इस बीच प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़की चांपी के कुम्हार टोली प्रजापति सोसाइटी में कृष्णा जन्माष्टमी पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन किया जा रहा है. विश्व हिंदू परिषद का 60वां स्थापना दिवस भी मनाया गया, जिसमें विहिप के जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा का आशीर्वचन प्राप्त हुआ.उन्होंने राम और श्रीकृष्ण के बताए मार्ग पर चलने का उपदेश दिया. इधर कुम्हार टोली प्रजापति सोसाइटी में मिथलेश प्रजापति के द्वारा कल्पतरु वृक्ष लगाया गया. साथ ही पर्यावरण के प्रति समर्पित रहने का प्रेरणा भी दिया गया और सभी को अपने-अपने जन्म दिवस के दिन एक-एक वृक्ष लगाने को कहा गया.

### जनप्रतिनिधियों ने किया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन




**सिमडेगा / कोलेबिरा।** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी एवं कांग्रेसियों के प्रयास से सेमरटोली में ट्रांसफार्मर लगा. जिसे विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग एवं श्यामलाल प्रसाद, कोलेबिरा मुखिया अंजना लकड़ा, वार्ड सदस्य टिंकू प्रसाद, कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर उद्घाटन किया. पिछले महीने विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में 13 खराब ट्रांसफार्मर बदल गया . इस बार भी पूरे कोलेबिरा प्रखंड में विभिन्न पंचायत एवं गांवों में करीब 19 खराब ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर बदलवाने के लिए विधायक ने सरकार से नये ट्रांसफार्मर की मांग की है.

### विस चुनाव में झापीपा का परचम लहरायेंगे : संजीव

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के लोहरदगा जिला कोषाध्यक्ष पद पर रहे संजीव सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर झापीपा में शामिल हो गये. मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए अपनी बात खुलकर रखी है. आगामी विधानसभा चुनाव में लोहरदगा क्षेत्र से झापीपा के उम्मीदवार अनिल कुमार भगत को जीत दिलाने के लिए पूरी शक्ति झोंक देंगे. उक्त बातें आजसू पार्टी छोड़कर जेपीपी में आए संजीव सिंह ने सोमवार को बयान जारी कर कही. उन्होंने कहा कि हम लोग पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत का समाज के प्रति उच्च सोच और कड़ी मेहनत को देखते हुए आजसू पार्टी से जुड़े थे. इनकी सक्रियता और स्व कमल किशोर भगत के सपनों को साकार करने के निर्णयों को देखकर हम सब झापीपा में शामिल हुए हैं. संजीव सिंह ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में झारखंड पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार अनिल कुमार भगत को ऐतिहासिक जीत दिलाने के लिए कमर कस चुके हैं.

### डिवाइन स्पार्क स्कूल में धूमधाम से मना जन्माष्टमी



**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल, लोहरदगा के प्रांगण में सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया. इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संचालक वीके बालान्जिनप्पा ने द्वीप प्रज्वलित कर किया. इस कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला के अनेक रूप, पोस्टर्स भी प्रदर्शित किया गया. इसमे कंश का वध, कृष्ण सुधामा का मिलन, कुरुक्षेत्र में मेरे सारथि भगवान श्रीकृष्ण व राधा के मिलन आदि अनेक पोस्टर भी बनाए गए थे. मौके पर विद्यालय के संचालक वीके बालान्जिनप्पा ने श्रीकृष्ण बागवान के अवतार के महत्व पर प्रकाश डाला. इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 80 छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण के वेश भूषा धारण कर के आए थे.

### लोगों के दिलों में जयपाल उरांव हमेशा जीवित रहें



**लोहरदगा।** झखरा कुम्बा में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति ने राष्ट्रीय सरना धर्म गुरु स्व जयपाल उरांव का द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी. जिला समिति के धर्म गुरु फुलकेश्वर उरांव की अगुवाई में अन्ना आदि प्रार्थना करके राष्ट्रीय सरना धर्म गुरु स्व जयपाल उरांव के चित्र पर माल्यार्पण व कांसा लोटा में आम का पल्लव और अक्षत पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया. उनके जीवन से हम सभी सरना आदिवासी समुदाय के लोगों को प्रेरणा लेना चाहिए.मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोर कमेटी सदस्य सुधू भगत, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, जिला समिति जिला सचिव सुकेद्र उरांव, कृष्ण उरांव,हरिश उरांव, शंकर उरांव, बिहारी भगत, महिला प्रकोष्ठ से जयंती उरांव आदि शामिल थे.

### लोगों के मदद के लिए युवा कांग्रेस 24 घंटे खड़ी है



**लोहरदगा।** सदर अस्पताल में इलाजरत किस्को प्रखंड के ग्राम पंचायत हिसरी की मरीज रसीदा खातून को ए पॉजिटिव खून की जरुरत थी. मरीज के परिजनों ने युवा कांग्रेस से मदद की गुहार लगाई. इसकी सूचना मिलते ही फौरन लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व एवं जिला महासचिव कैश आलम के पहल पर काम्यादान एजुकेशनल सोसायटी के सेक्रेट्री वसीम अंसारी ने एक यूनिट ए पॉजिटिव ब्लड दिया. इस बीच रक्तदाता वसीम अंसारी ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, युवा कांग्रेस कमेटी के लोहरदगा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा से जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रयासरत रहती है. मौके पर जिला महासचिव तौसीफ आलम,जिला महासचिव आसिफ अंसारी, मोहसिन अंसारी,मंजूर अंसारी, विकास उरांव आदि उपस्थित थे.

### केशव महतो के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूत होगी



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को बुके देकर अभिनंदन किया है. उन्होंने नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का स्वागत करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मजबूती हेतु केंद्रीय कमेटी ने केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश का जिम्मेदारी सौंपकर बेहतर फैसला लिया है. नेसार अहमद ने कहा कि केशव महतो कमलेश को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नया अध्यक्ष चुने जाने से पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को आपार मजबूती प्रदान होगी. झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कमान केशव महतो कमलेश के हाथों में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सौंपे जाने से यहां के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के अलावा प्रदेश की जनता काफी खुशी जाहिर की है.

### लखपति दीदी के बारे में दी गई जानकारी



**कैरो/लोहरदगा।** जिले के कैरो प्रखंड में संचालित आजीविका महिला संकुल संगठन में फेलिसिटेशन ऑफ लखपति दीदीज़ ऑफ एसएचजी के बारे में विस्तृत जानकारी सामुदायिक समन्वयक विकास कुमार तिवारी के द्वारा बताया गया कार्यक्रम का उद्देश्य स्व-सहायता समूह एसएचजी की महिला सदस्यों को सम्मानित करना है. यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है, जिसमें महिलाओं को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाता है. स्व-सहायता समूह एसएचजी एक ऐसा मंच है, जहां महिलाएं एक साथ आती हैं और अपने व्यवसाय या उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए काम करती हैं. कार्यक्रम में 15 सदस्यों को लखपति किसान को लखपति सम्मान प्रमाण पत्र दिया गया. साथ ही कार्यक्रम में संकुल संगठन के पदाधिकारियों, सीसी, एचएल बीआरपी, लखपति दीदी, सीआरपी व सखी मंडल के सदस्य उपस्थित थे.

